# कार्यालय कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक, समग्र शिक्षा
# जिला - बीजापुर (छ.ग.)

समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha

क्रमांक/ 861 /समग्र शिक्षा/आवासीय विद्यालय भर्ती/2025- 26 बीजापुर दिनांक 7/1/2026

## // विज्ञप्ति //

जिला बीजापुर अन्तर्गत संचालित नेताजी सुभाषचन्द्र बोस आवासीय विद्यालयों में रिक्त अनुदेशक (पार्ट टाईम टीचर) एवं सहायक रसोईया की सेवायें लिया जाना है। अनुदेशक (पार्ट टाईम टीचर) एवं सहायक रसोईया के पद पर भर्ती हेतु आवश्यक अर्हता रखने वाले उम्मीदवारों का पदनाम के सम्मुख दर्शित तिथि को Walk in Interview आयोजित किया जाता है।

अतः इच्छुक अर्हताधारी अभ्यर्थी निर्धारित तिथि को वांछित समस्त दस्तावेजों के साथ अद्योलिखित समय पर उपस्थित होकर आवेदन कर सकते हैं।

**अनुदेशक (पार्ट टाईम टीचर ) के रिक्त पदों का वर्गवार विस्तृत विवरण निम्नानुसार है -**

| क्र. | संस्था का नाम | रिक्त पदों की कुल संख्या | पदों की जानकारी | मासिक मानेदय | शैक्षणिक योग्यता | वॉक इन इन्टरव्यू दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | नेताजी सुभाषचन्द्र बोस आवासीय विद्यालय माटवाड़ा | 01 | UR – 01 (M) | 16000/- | 1.किसी मान्यता प्राप्त संस्था से 12 वीं उत्तीर्ण या हायर सेकेण्डरी स्कूल उत्तीर्ण<br><br>2.किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से डी. एड. या डी.एल.एड. या समकक्ष उत्तीर्ण तथा संबंधित क्षेत्र में कार्य करने का अनुभवी को प्राथमिकता दिया जायेगा। | 14.01.2026 |
| 2. | नेताजी सुभाषचन्द्र बोस आवासीय विद्यालय केशकुतुल | 02 | UR – 02 (M) | 16000/- | | |
| 3. | नेताजी सुभाषचन्द्र बोस आवासीय विद्यालय चिन्नाकोड़ेपाल | 01 | UR – 01 (M) | 16000/- | | |
| 4. | नेताजी सुभाषचन्द्र बोस आवासीय विद्यालय तिम्मापुर | 01 | UR – 01 (F) | 16000/- | | |

अनुदेशक (पार्ट टाईम टीचर) हेतु न्यूनतम योग्यता कक्षा 12 वीं उत्तीर्ण या समकक्ष उत्तीर्ण एवं किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से डी.एड. या डी.एल.एड. या समकक्ष उत्तीर्ण तथा संबंधित क्षेत्र में कार्य करने का अनुभवी को प्राथमिकता दिया जावेगा। उम्मीदवार जिला बीजापुर का मूल निवासी तथा रिक्त संस्था के विकासखण्ड का निवासी होना चाहिए।

**सहायक रसोईया के रिक्त पदों का वर्गवार विस्तृत विवरण निम्नानुसार है -**

| क्र. | संस्था का नाम | रिक्त पदों की कुल संख्या | पदों की जानकारी | मासिक मानेदय | शैक्षणिक योग्यता | वॉक इन इन्टरव्यू दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | नेताजी सुभाषचन्द्र बोस आवासीय विद्यालय तोयनार | 01 | UR – 01 (M) | 12000/- | 1.किसी मान्यता प्राप्त संस्था से 08 वीं उत्तीर्ण या समकक्ष उत्तीर्ण | 14.01.2026 |
| 2. | नेताजी सुभाषचन्द्र बोस आवासीय विद्यालय मिरतुर | 01 | UR – 01 (M) | 12000/- | | |

सहायक रसोईया हेतु न्यूनतम योग्यता कक्षा 8 वीं उत्तीर्ण या समकक्ष उत्तीर्ण संबंधित क्षेत्र में कार्य करने का अनुभवी को प्राथमिकता दिया जावेगा। उम्मीदवार जिला बीजापुर का मूल निवासी तथा रिक्त संस्था के विकासखण्ड का निवासी होना चाहिए।

**चयन प्रकिया के सबंध में आवश्यक दिशा निर्देश :-**

1. यह पद पूर्णतः अस्थायी है।
2. उक्त पद हेतु मानदेय प्रावधानित वेतन एकमुश्त देय होगा। इसके अतिरिक्त अन्य किसी प्रकार का भत्ता देय नहीं होगा।

3. योग्य अनुदेशक (पार्ट टाईम टीचर)/सहायक रसोईया की सेवाएं पदस्थापना नियुक्ति तिथि से इसी शैक्षणिक सत्र 31 मार्च 2026 तक के लिए किया जावेगा।
4. भर्ती की समस्त जानकारी जिला बीजापुर के वेबसाईट https://bijapur.gov.in/ तथा कार्यालय के सूचना पटल से जानकारी प्राप्त कर सकते है।
5. Walk in Interview के समय आवेदन पत्र के साथ संलग्न किये जाने वाले समस्त अंक सूची एवं अन्य दस्तावेज स्वयं के द्वारा स्वप्रमाणित कर संलग्न करना अनिवार्य है।
6. अपूर्ण एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन अमान्य कर निरस्त कर दिया जावेगा, जिसकी जानकारी संबधितों को पृथक से नहीं दी जावेगी।
7. आवेदन पत्र के साथ संलग्न समस्त दस्तावेंजों को अच्छी तरह से क्रमवार किया जावे तथा पृष्ठ क्रमांक अंकित करें। आवेदन पत्र निर्धारित क्रम में ही व्यवस्थित करें। (1. आवेदन पत्र, 02. निवास प्रमाण पत्र, 03 शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, 04. अनुभव प्रमाण पत्र, 05. अन्य प्रमाण पत्र।)
8. उम्मीदुवार की आयु 01.01.2025 की स्थिति में न्यूनतम वर्ष 21 वर्ष एवं अधिकतम 45 वर्ष होनी चाहिये।
9. चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि उम्मीदवार द्वारा यदि किसी प्रकार का चयन हेतु दबाव डलवाया जा रहा है या निष्पक्ष चयन प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है, तो उनका आवेदन पत्र अमान्य कर दिया जावेगा तथा इस संबंध में कोई भी दावा मान्य नहीं किया जावेगा।
10. भर्ती की प्रक्रिया के दौरान होने वाले किसी भी विवाद एवं समस्या पर अंतिम निर्णय लेने का सर्वाधिकारी चयन समिति को होगा जो सभी आवेदकों को मान्य होगा।
11. निर्धारित सीमा पर प्राप्त आवेदनों का उसी दिवस को सूची तैयार कर दावा आपत्ति हेतु सूचना पटल पर चस्पा की जावेगी प्राप्त दावा आपत्ति के निराकरण कर वरीयता सूची जारी की जायेगी।
12. उक्त पदों पर बीजापुर जिले के ही आवेदक आवेदन कर सकते हैं। इस हेतु सक्षम प्राधिकारी से निवास प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
13. आवश्यक दस्तावेज-आवेदन करते समय निम्न अभिलेखों की स्वप्रमाणित छायाप्रति अनिवार्यतः संलग्न किया जावे:-
   - 08वी/10वीं की अंकसूची (जन्मतिथि के प्रमाण हेतु)।
   - निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता के सभी वर्गों की अंकसूची/संबंधित डिप्लोमा।
   - सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदाय मूल निवास प्रमाण पत्र।
   - अनुभव प्रमाण पत्र केवल -शासकीय/मान्यता प्राप्त संस्थान का ही मान्य होगा।
   - अनुभव प्रमाण पत्र में अनुभव की अवधि का स्पष्ट उल्लेख नहीं होने पर तथा कार्यालयीन जावक क्रमांक नहीं होने पर अनुभव प्रमाण पत्र अमान्य किया जावेगा तथा शैक्षणिक योग्यता पूर्ण करने के उपरान्त प्राप्त अनुभव के आधार पर अनुभव के अंक मान्य किये जायेंगे। 12 माह से कम अनुभव होने पर अंको की गणना नही की जावेगी।

14. **अंतिम चयन सूची निम्न आधार पर बनाई जायेगीः-**
   - अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता सहायक रसोईया हेतु 08वी एवं अनुदेशक हेतु 12 वीं के प्राप्तांक का 60 प्रतिशत अंक।
   - अनुभव -अधिकतम 10 अंक प्रतिवर्ष 02 अंक के मान से (पद से संबंधित अनुभव ही मान्य किये जावेंगे)।
   - साक्षात्कार का 30 प्रतिशत अंक।
   - अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता के प्राप्तांक का प्रतिशत अंक, अनुभव के अंक तथा साक्षात्कार के अंक
   - को जोड़कर अंतिम मेरिट सूची तैयार की जावेगी।
   - अनुभव प्रमाण पत्र (आवेदित पद से संबंधित हो) केवल शासकीय/मान्यता प्राप्त संस्थाओं के ही मान्य होगें। पद से संबंधित अनुभव होने पर ही अभ्यर्थी को नियमानुसार अनुभव अंक प्रदान किये जायेगें।

15. चयन उपरान्त कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व समस्त मूल दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। दस्तावेज प्रस्तुत न करने पर संबंधित अभ्यर्थी की नियुक्ति स्वमेव निरस्त मानी जावेगी।
16. अभ्यर्थियों को भर्ती से संबंधित जानकारी हेतु समय-समय पर https://bijapur.gov.in/ का अवलोकन करें इसके अलावा अभ्यर्थी को किसी भी प्रकार की व्यक्तिगत सूचना नही दी जावेगी। अभ्यर्थी से अपेक्षा है कि समय-समय पर वेबसाइट का अवलोकन करें।
17. उक्त पदों पर नियुक्त कर्मचारी का वार्षिक कार्यमूल्यांकन नियंत्रण अधिकारी द्वारा किया जायेगा।
18. उक्त पद के लिये प्रतीक्षा सूची भी जारी की जावेगी जिसकी वैधता जारी दिनांक से 01 वर्ष तक होगी। इस समयावधि में त्यागपत्र अथवा किसी भी कारण से रिक्त होने वाले पदों की पूर्ति भी इसी प्रतीक्षा सूची से की जा सकेगी। उक्त वैधता सूची में आवश्यकतानुसार वृद्धि की जा सकती है।
19. चयनित अभ्यर्थी को कार्य में उपस्थिति होने के पश्चात् किसी भी समय एक माह का नोटिस देकर नियुक्ति समाप्त की जा सकती है। इसी प्रकार किसी अभ्यर्थी को त्याग पत्र देने के पूर्व एक माह पूर्व सूचना अथवा उनके द्वारा एक माह का वेतन जमा किया जायेगा।।

पद पर भर्ती हेतु समय सारणी :-

| क्र. | पदनाम | वॉक इन इन्टरव्यू दिनांक एवं स्थान | आवेदन पंजीयन | दस्तावेज सत्यापन | पात्र/अपात्र सूची प्रकाशन | दावा आपत्ति | दावा आपत्ति निराकरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | अनुदेशक (पार्ट टाईम टीचर) | 14.01.2026 कार्यालय जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा जिला बीजापुर | प्रातः 10:00 बजे से 11:00 बजे तक | 11:00 बजे से 12:00 बजे तक | 12:30 बजे | 12:30 से 01:00 बजे तक | 02:00 बजे |
| 02 | सहायक रसोईया | 14.01.2026 कार्यालय जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा जिला बीजापुर | प्रातः 10:00 बजे से 11:00 बजे तक | 11:00 बजे से 12:00 बजे तक | 12:30 बजे | 12:30 से 01:00 बजे तक | 02:00 बजे |

Digitally signed by SAMBIT MISHRA
Date: 06-01-2026 21:01:58

कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक
समग्र शिक्षा
जिला बीजापुर (छ.ग.)